संस्कृत साधना भाग-7

प्रथमः पाठः **वन्दना**

हिंदी अनुवाद

अखण्डमण्डलाकारं ..... नमः॥

अनुवाद—उस अखंडमंडलाकार (ईश्वर/गुरु) को जो इस चर-अचर संपूर्ण जगत में व्याप्त है और जिसने यह रास्ता दिखाया है। उन गुरु को नमस्कार है।

अज्ञानतिमिरान्धस्य ..... नमः॥

अनुवाद—जिन्होंने अज्ञान रूपी अंधकार को ज्ञान रूपी अञ्जन शलाका (कलाई) से दूर कर हमारी आँखों को खोला है, उन गुरु को अर्थात् ईश्वर को नमस्कार है।

मूकं ..... परमानन्दसागरम्॥

अनुवाद—जिनकी कृपा से गूंगा बोलता है, लंगड़ा पर्वत को लाँघ जाता है, उन परमानंद के सागर को नमस्कार है।

नमामि ..... तथा॥

अनुवाद—सुबह उठकर (प्रातःकाल) ईश्वर को नमस्कार करता हूँ, पिता को नमस्कार करता हूँ, पूज्या माता को नमस्कार करता हूँ और शिक्षकों को नमस्कार करता हूँ।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(क) ईश्वरेण अखण्डमण्डलाकारं चराचरं च व्याप्तम्।

(ख) गुरुणा चक्षु उन्मीलितम्।

(ग) ईश्वर कृपया मूकः वाचालः भवति।

(घ) ईश्वरः, जनकः, जननी, शिक्षकाः च नमनयोग्याः सन्ति।

2. रिक्त स्थान भरिए-

(क) **अखण्डमण्डलाकारं** व्याप्तं येन चराचरम्। तत् पदं **दर्शितं येन** तस्मै श्रीगुरवे नमः।

(ख) यत्कृपा तमहं **वन्दे परमानन्दसागरम्।**

(ग) **अज्ञानतिमिरान्धस्य** ज्ञानाञ्जनशलाकया।

(घ) नमामि जननीं पूज्यां **नमामि शिक्षकान्** तथा।

3. निम्नलिखित शब्दों के विभक्ति और वचन लिखिए-

शब्दः	विभक्तिः	वचनम्
शिक्षकान् =	**द्वितीया**	**बहुवचनम्**
गुरवे =	**चतुर्थी**	**एकवचनम्**
येन =	**तृतीया**	**एकवचनम्**
गिरिम् =	**द्वितीया**	**एकवचनम्**
शलाकया =	**तृतीया**	**एकवचनम्**
तस्मै =	**चतुर्थी**	**एकवचनम्**

4. निम्नलिखित श्लोकों के अर्थ लिखिए-

(क) अज्ञानतिमिरान्धस्य ..... नमः॥

अनुवाद-जिन्होंने अज्ञान रूपी अंधकार को ज्ञान रूपी अञ्जन शलाका (सलाई) से दूर कर हमारी आँखों को खोला है, उन गुरु को अर्थात् ईश्वर को नमस्कार है।

(ख) नमामि ..... तथा॥

अनुवाद-सुबह उठकर (प्रातःकाल) ईश्वर को नमस्कार करता हूँ, पिता को नमस्कार हूँ, पूज्या माता को नमस्कार हूँ और शिक्षकों को नमस्कार करता हूँ।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए-

(क) ईश्वरः मूकं वाचालः करोति।

(ख) सन्मार्गं दर्शितं गुरवे नमः।

(ग) ईश्वरः चराचरे व्याप्तः अस्ति।

(घ) अहं प्रतिदिनं प्रायः पितरौ नमामि।

6. सन्धि-विच्छेद कीजिए-

तमहम् = **तम्** + **अहम्**

ज्ञानाञ्जन = **ज्ञानः** + **अञ्जनः**

चराचरम् = **चर** + **अचरम्**

तत्पदम् = **तत्** + **पदम्**

7. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

(क) व्याप्तः = ईश्वर सर्वत्र **व्याप्तः** अस्ति।

(ख) दर्शितः = गुरुणा सन्मार्गः **दर्शितः**।

(ग) उन्मीलितम् = तस्मै श्री गुरवे नमः येन चक्षुरून्मीलितम्।

(घ) वाचालः = मुकेशः **वाचालः** अस्ति।

(ङ) परमानन्दः = साधुः **परमानन्द** सागरे निमग्नो वर्तते।

(च) शिक्षकः = **शिक्षकः** शिष्याय शिक्षा ददाति।

हिंदी अनुवाद

विद्यालयेषु ..... व्यर्थम् अटति।

अनुवाद—विद्यालयों में गर्मियों की छुट्टियाँ हो गईं। सार्थक विद्यालय से प्रसन्नतापूर्वक घर आया। वह माँ को कहता है-''माँ! अब पढ़ने के लिए कुछ भी न कहना। मैं इच्छानुसार टी० वी० (चलचित्र) देखूँगा। वीडियोगेम खेलूँगा और अधिक-से-अधिक सोऊँगा। माता सब सुनती है। तत्पश्चात प्रसन्न सार्थक ने इच्छानुसार सब करना गुरु किया। एक सप्ताह में ही सार्थक के स्वेच्छापूर्वक किए व्यवहार से वह चिंतित होती है। यह बालक सातवीं कक्षा में पढ़ता है। इसके भविष्य-निर्माण का समय है। यह व्यर्थ में ही समय व्यतीत कर रहा है। यदि कुछ भी कहती हूँ तो रुष्ट हो जाता है। मेरी बात भी नहीं सुनता है। फोन पर दोस्तों से बहुत बातें करता है। और अधिक क्या इधर-उधर व्यर्थ में ही घूमता है।

अद्य पितामहेन ..... तूष्णीं तिष्ठति।

अनुवाद—आज सार्थक के दादा जी के साथ दादी जी भी गाँव से आ गईं। उन्होंने सार्थक की दिनचर्या देखी। अपने पौत्र की दिनचर्या को उसके (सार्थक) के दादा से निवेदन किया। एक दिन दादा जी ने स्नेहपूर्वक सार्थक से कहा-बेटे! मैं जानता हूँ कि तुम योग्य छात्र हो। परंतु मैं देख रहा हूँ कि तुम्हारी माता तुम्हें जिस कार्य को कहती है तुम नहीं सुनते हो। तुम हमेशा कहते हो कि कल करूँगा अथवा बाद में करूँगा। आज नहीं करूँगा।

बेटे! क्या यह उचित है? मणिकान्त चुप रहता है।

पितामहः पुनः ..... अपि भवेत्।।

अनुवाद—दादा जी पुनः कहते हैं- ''अरे'' पुत्र! पागलपन में जो समय बिताता है। समयानुसार काम नहीं करता है। हमेशा कहता है-कल करूँगा, परसों करूँगा, उसके बाद करूँगा। वह कभी भी सफल नहीं होता। ''सार्थक कहता है- आप सत्य (ठीक) कहते हैं।-''

दादा जी ने फिर कहते हैं- बेटे! जीवन में समय बहुत कम है और कर्त्तव्य बहुत अधिक हैं। जो समय का सदुपयोग नहीं करता वह मूर्ख है। जो समय के महत्व को जानता है वह ही बुद्धिमान है।

सार्थक पितामह से पूछता है- ''तात (दादा जी)! छुट्टियों का सदुपयोग कैसे करूँ।'' दादा जी छुट्टियों का सदुपयोग अपनी इच्छा के अनुसार करो। बेटे! वे कार्य करो जिनसे मनोंरजन के साथ ज्ञान में भी वृद्धि हो।

अटति वत्स! अस्माकं ..... विनाशयति।

अनुवाद—बेटे! हमारे देश में जो महान पुरुष हुए हैं। उन्होंने एक भी पल (क्षण) व्यर्थ में व्यतीत नहीं किया था। महापुरुष ने कहते हैं जो व्यर्थ में ही समय व्यतीत करता हैं वह मूल्यवान जीवन भी नष्ट करता हैं।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) अधुना अधिकाधिकं शयनं करिष्यामि इति सार्थकः कथयति।

(ख) सार्थकः सप्तमकक्षायां पठति।

(ग) सार्थकस्य दिनचर्यां पितामही अपश्यत्।

(घ) जीवने स्वल्पः समयः अस्ति।

(ङ) बुद्धिमान् समयस्य महत्त्वं जानाति।

(च) महान्तः पुरुषाः व्यर्थं क्षणं न यापयन्ति स्म।

2. मंजूषा (बॉक्स) में दिए गए शब्दों का यथास्थान प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए-

(क) अम्ब! **अधुना** पठनाय किमपि न कथनीयम्।

(ख) **अथ** सार्थकः स्वेच्छया सर्वं कर्तुम् आरभत्।

(ग) **यदि** किमपि कथयामि **तर्हि** रुष्टः भवति।

(घ) किं बहुना **इतस्ततः** व्यर्थं अटति।

(ङ) **अद्य** पितामहेन **सह** सार्थकस्य पितामही ग्रामात् आगता।

(च) **सर्वदा** कथयति **श्वः** करिष्यामि **परश्वः** करिष्यामि **पश्चात्** करिष्यामि।

3. निम्नलिखित वाक्यों को निर्देशानुसार बदलिए

(क) अस्माकं देशे बहवः महापुरुषाः अभवन्।

(ख) मूर्खः व्यर्थम् अटति।

(ग) सः अवकाशस्य सदुपयोगं स्वेच्छया करोति।

(घ) ते समयस्य सदुपयोगं कुर्वन्ति।

(ङ) त्वं समयस्य महत्त्वं जानसि।

(च) अद्य कार्यं न करिष्यामि परश्वः वा करिष्यामिः।

4. रंगीन पदों को आधार मानकर प्रश्न बनाइए-

(क) केषु ग्रीष्मावकाशः अभवत्?

(ख) दूरभोषण कैः सह बहु आलपति?

(ग) कस्य भविष्यनिर्माणास्य समयः अस्ति?

(घ) कः मातरं कथयति?

(ङ) पितामह कम् अकथयत?

(च) कथं जीवनं विनाशयमि?

5. कोष्ठक में दिए गए शब्दों में उचित विभक्ति का प्रयोग करके रिक्त स्थान भरिए-

(क) सार्थक: **विद्यालयात्** गृहम् आगत:।

(ख) जननी पुत्रस्य **व्यवहारेण** चिन्तिता भवति।

(ग) मम मातामही **ग्रामात्** आगता।

(घ) क: **प्रमादेन** समयं यापयति?

(ङ) स: तानि कार्याणि करोति यै: **मनोरञ्जनेन** सह ज्ञानस्य वृद्धि: अपि भवेत्।

6. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

(क) ग्रीष्मावकाश:-अधुना **ग्रीष्मावकाश:** अस्ति।

(ख) स्वेच्छया:-अहं **स्वेच्छया:** चलचित्रं द्रक्ष्यामि।

(ग) रुष्ट:-किमपि कथ्यामि चेत् **रूष्ट:** भवति।

(घ) दिनचर्या-सार्थकस्य दिनचर्या कीदृशी आसीत्।

(ङ) मनोरञ्जनम्-चलचित्रं सर्वेषां मनोञ्जनं करोति।

7. निम्नलिखित शब्दों के पर्यायवाची लिखिए—

गृहम्: सदनम् आलय:, निकेतन:

वायु: पवन: समीर: मरूत्:

वसुधा: वसुन्धरा भूमि: पृथिवी

व्योम: आकाश: गगन: अम्बर:

8. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) राहुल: इतस्तत: समयं यापयति

(ख) सार्थक: दूरभाषेण मित्रै: सह आलपति।

(ग) य: समयानुसारं कार्यं न करोति, स: कदापि सफल: न भवति।

(घ) जीवने समय: स्वल्प: अस्ति।

(ङ) य: समयं व्यर्थं यापयति स: मूल्यवन्तम् समयं विनाशयति।

(च) अस्माकं देशे अनेका: महान्त: पुरुषा: अभवन्।

तृतीयः पाठः

बुद्धिमान् वानरः

हिंदी अनुवाद

एकस्या: नद्या: ..... खादति।

अनुवाद—एक नदी के तटपर एक जामुन का पेड़ था। जामुन के पेड़ के पर एक बंदर रहता था। वह बंदर जामुन खाकर सुखपूर्वक रहता था।

नदी में एक मगरमच्छ रहता था। एक बार मगरमच्छ हृष्ट-पुष्ट बंदर को देखता है। मगरमच्छ बंदर के स्वास्थ्य और प्रसन्नता का कारण जानना चाहता है।

मगरमच्छ बंदर से पूछता है-''दोस्त, तुम बहुत प्रसन्न और स्वस्थ हो। तुम क्या खाते हो?''

बंदर बोलता है-''मैं जामुनफल खाता हूँ, प्रसन्न और स्वस्थ होता हूँ।

मगरमच्छ-''मुझे भी जामुनफलों को दो''

(बंदर कुछ जामुन मगरमच्छ के लिए फेंकता है। मगरमच्छ उन फलों को खाता है।)

मकर: ..... खादिष्यति च।

अनुवाद—मगरमच्छ-''फल तो बहुत स्वादिष्ट हैं।'' इस प्रकार मगरमच्छ और बंदर के बीच दोस्ती होती है। एक बार कुछ जामुन मगरमच्छ अपने घर ले जाता है। घर पर मगरमच्छ की पत्नी फल खाती है, तत्पश्चात् मगरमच्छ से बोलती है-

''जो बंदर इतने स्वादिष्ट फलों को खाता है, उसका हृदयपिण्ड (दिल) क्यों नहीं स्वादिष्ट होगा। मैं बंदर का हृदयपिंड चाहती हूँ, उसी को मैं खाऊँगी।''

चिंतित मगरमच्छ बंदर के पास जाता है तथा छलपूर्वक झूठ बोलता है-''अरे दोस्त बंदर! आज तुम मेरे घर चलो। मेरी पत्नी ने तुम्हारे लिए भोजन का निमंत्रण दिया है।''

तुम मेरी पीठ पर बैठो। मैं तुम्हें ले जाऊँगा। विश्वास करके बंदर मगरमच्छ की पीठ पर बैठता है। मगरमच्छ नदी-मार्ग से बंदर को घर की ओर ले जाता है। नदी के बीच में जाकर मगरमच्छ सब कुछ सच कहता है-''बंदर! अब तुम ईश्वर को याद कर लो। मेरी पत्नी मकरी तुम्हारे हृदयपिंड को चाहती है। वह तुम्हें मारेगी और खाएंगी।

स: वानर: ..... गृहं च गच्छति।

अनुवाद—वह बंदर बुद्धिमान था तभी उसके मस्तिष्क में एक विचार आया। बंदर बोला-''अरे दोस्त! पहले क्यों नहीं बताया? मेरा हृदयपिंड तो उसी पेड़ पर ही रखा है। अत: तुम मुझे पुन: पेड़ की ओर ले चलो।

जब मगरमच्छ अपनी पीठ पर बैठे बंदर को लेकर पुन: वृक्ष की ओर आया तब बंदर जल्दी से कूदकर पेड़ पर चढ़ गया। तब बंदर मगरमच्छ से बोलता है-''अरे मूर्ख मगरमच्छ! तुम पत्नी के दास हो। उसके कहने से मेरे प्राणों को हरने की इच्छा करते हो? दोस्त को झूठ बोलते हो। अपने घर जाओ! हमारी दोस्ती खत्म हुई है अब से तुम जामुन खाने के भी अधिकारी नहीं हो। जाओ, जाओ, जाओ।

विश्वासघात करने वाला मगरमच्छ पश्चात्ताप करता है और घर चला जाता है।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) नद्या: तटे एक: जम्बूवृक्ष: आसीत् वानर: च तत्र तिष्ठति स्म।

(ख) मकर: वानरस्य स्वासथ्यस्य प्रसन्नताया: च कारणं ज्ञातुम् इच्छति।

(ग) मकर: स्वपत्नया: कथनानुसारं वानरं भोजनाय निमन्त्रयति।

(घ) वानरस्य मस्तिष्के एक: विचार: स्फुरति यत्-मम हृदयपिण्ड तु तस्मिन् वृक्षे एवं रक्षितम् अस्ति।

(ङ) अन्ते वानर: मकरं वदति यत् मूर्ख मकर! त्वं तु पत्नी-दास: असि। आवयो: मैत्री समाप्ता स्वग्रहं गच्छ।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) वानर: कानिचित् **जम्बूफलानि** मकरं प्रति क्षिपति।

(ख) विश्वासेन वानर: मकरस्य **पृष्ठे उपविशति**।

(ग) मकर: नदी-मार्गेण वानरं गृहं **प्रति नयति**।

(घ) मम पत्नी मकरी तु **तव हृदयपिण्डम एकदा इच्छति**।

(ङ) अधुना त्वं **ईश्वरं** स्मर।

(च) पूर्वं कथं न जल्पिण्।

3. सही वाक्य के सामने (✓) और गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए

(क) ✗, (ख) ✓, (ग) ✗, (घ) ✗, (ङ) ✓, (च) ✓

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए—

बुद्धिमान् = **बुद्धिहीनः** दुष्ट: = **सज्जनः**

प्रसन्न: = **अप्रसन्नः** अस्वस्थ: = **स्वस्थः**

स्वादिष्टम् = **अस्वादिष्टम्** मित्रता = **शत्रुता**

5. धातु और प्रत्यय अलग कीजिए—

ज्ञातुम् = **ज्ञा धातु** **तुमुन् प्रत्यय**

हसितुम् = **हस् धातु** **तुमुन् प्रत्यय**

चलितुम् = **चल् धातु** **तुमुन् प्रत्यय**

भ्रमितुम् = **भ्रम् धातु** **तुमुन् प्रत्यय**

हर्तुम् = **धातु** **तुमुन् प्रत्यय**

ताडयितुम् = **ताड धातु** **तुमुन् प्रत्यय**

6. हिंदी में अनुवाद कीजिए—

(क) मैं जामुन खाता हूँ, खाऊँगा स्वस्थ और प्रसन्न होता हूँ।

(ख) बंदर कुछ जामुन मगरमच्छ के लिए फेंकता है।

(ग) इस प्रकार उन दोनों मगरमच्छ और बंदर के बीच में मित्रता होती है।

(घ) घर में मगरमच्छ की पत्नी फल खाती है।

(ङ) मेरी पत्नी मकरी ने तुम्हें भोजन के लिए निमन्त्रित करती है।

(च) आज तुम मेरे घर चलो।

(छ) मैं किस प्रकार चल सकता हूँ?

(ज) तुम मेरी पीठ पर बैठो।

7. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) नद्या: तटे एक: जम्बुवृक्ष: आसीत्।

(ख) जम्बुवृक्षे एक: वानर: वसति स्म।

(ग) नद्याम् एक: मकर: वसति स्म।

(घ) मकर: वानरं रस्य स्वास्थ्य-विषये अगृच्छत्।

(ङ) एकता मकर: का निचित् जम्बूफलानि स्वगृहं नयति।

(च) मम पत्नी त्वां भोजनाय निमन्त्रयति।

(छ) मम पत्नी तव हृदयपिण्डं खादितुम् इच्छति।

(ज) त्वं पत्नी-दास: असि।

8. निम्नांखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

(क) हृष्टपुष्ट: = एकदा मकर: **हृष्टपुष्टं** वानरं पश्यति।

(ख) प्रसन्न: = अहं जम्बूफलानि खादामि **प्रसन्नः** स्वस्थ: च भवामि।

(ग) विश्वास: = **विश्वासेन** वानर: मकरस्य पृष्ठे उपविशति।

(घ) हृदपिण्डाम् = मम पत्नी मकरी तु तव हृदपिण्डम् इच्छति।

(ङ) मस्तिष्के = तस्य मस्तिष्के एक: विचार: स्फुरति।

(च) बुद्धिमान् = स: वानर: बुद्धिमान् आसीत्।

(छ) पश्चात्ताप: = मकर: पश्चात्ताप: करोति।

चतुर्थः पाठः

वीरौ-कुशलवौ

हिंदी अनुवाद

प्राचीन काले ..... चन्द्रकेतुः पराजितः।

अनुवाद—प्राचीन काल में अयोध्या में रामचंद्र नाम के राजा राज्य करते थे। उनके दो पुत्र (बेटे) हुए थे कुश और

लव। बाल्यकाल (बचपन) में वे दोनों वाल्मीकि के आश्रम में रहे और वहाँ धनुष-बाण चलना सीखा।

एक बार रामचंद्र ने अश्वमेघ यज्ञ किया था। उन्होंने सभी दिशाओं की विजय के लिए घोड़े को छोड़ा था। जब कुश-लव ने उस घोड़े को आश्रम के परिसर में देखा तो तब वे दोनों उसे आश्रम में ले आए। घोड़े का रक्षक लक्ष्मण का पुत्र चन्द्रकेतु था। वह सेना के साथ आश्रम में गया और बोला-'' घोड़े को जल्दी से छोड़ दो अन्य था युद्ध करो।'' वे दोनों बालक बोले-''हम दोनों वीर महर्षि वाल्मीकि के शिष्य हैं, अधीनता को स्वीकार नहीं करते हैं। हम दोनों युद्ध के लिए तैयार हैं परंतु घोड़े को छोड़ने के लिए नही।

(तब दोनों पक्षों में युद्ध हुआ। युद्ध में कुश-लव के कौशल से चन्द्रकेतु पराजित हो गया)

इदं समाचारं ..... रामं प्रणमतः।

अनुवाद—इस समाचार को सुनकर लक्ष्मण वहाँ आ गए। उन दोनों वीरों ने उन्हें भी नहीं जीत लिया। तब राम स्वयं युद्ध स्थल पर आए और बोले-''अरे वीरो! तुम दोनों जल्दी से घोड़े को छोड़े दो!'' उसी समय ही वाल्मीकि वहाँ आ गए और बोल बेटो! ये राम तुम्हारे पिता है इन्हें प्रणाम करो, राम! ये दोनों बच्चे पालन करने योग्य हैं। युद्ध नहीं करो।

(कुश-लव राम को नमस्कार करते हैं।)

अभ्यासः

1. **निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—**
   (क) रामचन्द्रः अयोध्यायां राज्यम् अकरोत्।
   (ख) वाल्मीकेः आश्रमे लवकुशौ अवसताम्।
   (ग) अश्वस्य रक्षकः चन्द्रकेतुः आसीत्।
   (घ) आम्!ताभ्यां वीराभ्यां लक्ष्मणः अपि पराजितः।
   (ङ) वाल्मीकिः राम् अकथयत्-राम! पालनीयौ इमौ वत्सौ, युद्धं नकरणीयम्।
2. **निम्नलिखित वाक्यों को सही कीजिए—**
   (क) तौ वने अवसताम्।
   (ख) रामचन्द्रः अयोध्यायां राज्यम् अकरोत्।
   (ग) कुशलवौ कौशलेन चन्द्रकेतुम् अजयताम्।
   (घ) आवां युद्धाय प्रस्तुतौ।
3. **रिक्त स्थानों को भरिए—**
   (क) तस्य द्वौ सुतौ **अभवतां कुशः लवश्च।**
   (ख) एकदा रामचन्द्रः **अश्वमेध** यज्ञम् अकरोत्।
   (ग) तौ तम् अश्वम् **आश्रमे** अनयताम्।
   (घ) आवां युद्धाय **प्रस्तुतौ** स्वः।
   (ङ) ताभ्यां .....लक्ष्मणः अपि पराजितः।
   (च) पालनीयौ इमौ **वत्सौ, युद्धं न करीणयम्।**
4. **निम्नलिखित धातुरूपों के लङ्लकार में प्रथम पुरुष के द्विवचन के रूप लिखिए—**
   दृश् = **अपश्यताम्**
   गम् = **अगच्छताम्**
   क्रीड् = **अक्रीडताम्**
   लिख् = **अलिखताम्**
   पठ् = **अपठताम्**

पञ्चमः पाठः

आर्यभट्टः

हिंदी अनुवाद

प्राचीनकाले ..... कृतवान्।

अनुवाद—प्राचीनकाल में विज्ञान क्षेत्र में हमारे देश का श्रेष्ठ स्थान था। उस समय में गौतम-कण्व-लीलावती-कणाद आदि अनेक महान वैज्ञानिक हुए थे। उन ही में आर्यभट्ट भी एक महान वैज्ञानिक हुए थे। वे नालन्दा विश्वविद्यालय के कुलपति और प्रसिद्ध खगोलशास्त्री थे। उन्होंने अपने आविष्कार से पूरे विश्व को आश्चर्यचंकित कर दिया था।

अस्य वैज्ञानिकस्य ..... दृश्यन्ते।

अनुवाद—इस वैज्ञानिक के जीवन के विषय में बहुत सीमित ज्ञान ही उपलब्ध होता है। इनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'आर्यभटीयम्' थी। आर्यभट्ट ने ही सर्वप्रथम यह सिद्ध किया कि सृष्टि-निर्माण एक प्रक्रिया है जो अनादि से अनन्तकाल तक चलती रहती है। उन्होंने यह भी सिद्ध किया कि पृथ्वी अपने केन्द्र के ऊपर घूमती है, ग्रह और तारे अन्तरिक्ष में स्थिर हैं। पृथिवी के प्रतिदिन के परिभ्रमण के कारण ग्रह और तारे घूमते हुए दिखाई देते हैं।

आर्यभटटस्य द्वितीय पुस्तकं ..... अविस्मरणीयम्।

अनुवाद—आर्यभट्ट की दूसरी पुस्तक 'सूर्य सिद्धांत' भी थी। इस पुस्तक में दिन और रात की गणना के क्रम को निर्दिष्ट किया गया था। उन्होंने सूर्यग्रहण और चन्द्रग्रहण की सर्वप्रथम वैज्ञानिक व्याख्या प्रस्तुत की थी। हमारी प्राचीन ऋषि परम्परा में श्रेष्ठ वैज्ञानिक आर्यभट्ट का खगोल विज्ञान के क्षेत्र में योगदान याद रखने योग्य है अर्थात् अविस्मरणीय है।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) प्राचीनकाले अस्माकं देशे गौतम-कण्व-लीलावती-कणाद-प्रभृतयः महान्तः वैज्ञानिकाः अभवन्।

(ख) 'आर्यभटीयम्' इति पुस्तकस्य लेखकः आर्यभट्टः अस्ति।

(ग) सृष्टेः निर्माणस्य एका प्रक्रिया अस्ति या अनादि अनन्तकालं यावत् प्रचलति।

(घ) आर्यभट्टस्यः द्वितीय पुस्तकस्य नाम 'सूर्य सिद्धान्तः' अस्ति।

(ङ) 'सूर्यसिद्धांत': इत्यस्मिन् पुस्तके आर्यभट्टः दिवारात्र्योः गणनायाः क्रमः प्रतिपादितवान्।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) प्राचीनकाले महान्तः **वैज्ञानिकाः** अभवन्।

(ख) आर्यभट्टस्य प्रसिद्धं पुस्तकम् **आर्यभटीयम्** आसीत्।

(ग) आर्यभट्टस्य द्वितीयपुस्तकं **सूर्यसिद्धान्तः** अपि आसीत्।

(घ) आर्यभट्टस्य **खगोलविज्ञान क्षेत्रे** योदानम् अविस्मरणीयम्।

3. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए—

उपलभ्यते = **उप + लभ्यते**

इदमपि = **इदम् + अपि**

श्रेष्ठमासीत् = **श्रेष्ठम् + आसीत्**

इत्यादयः = **इति + आदयः**

केन्द्रोपरि = **केन्द्रः + उपरि**

4. निम्नलिखित शब्दों का अर्थ लिखिए और वाक्य बनाइए—

(क) अस्माकम् = **हमारे**

प्राचीन काले विज्ञान क्षेत्रे अस्माकं **देशस्य स्थानं श्रेष्ठमासीत्।**

(ख) स्थिराः = **स्थिर (बहु०)**

ग्रहाः तारकाः च अन्तरिक्षे स्थिराः **सन्ति।**

(ग) क्रमः = **क्रम**

अस्मिन् पुस्तके दिवारात्र्योः गणनाया क्रमः निर्दिष्टः आसीत्।

(घ) दिवा = **दिन**

सूर्य सिरान्तः इत्यस्मिन् पुस्तके दिवारात्र्योः गणनामा क्रमः निर्दिष्टः आसीत्।

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) प्राचीनकाले आर्यभट्ट नाम्ना एकः महान्: वैज्ञानिकः अभवत्।

(ख) अस्य प्रसिद्धं पुस्तकम् आर्यभटीयमः अस्ति।

(ग) सूर्यसिद्धान्त अस्य द्वितीय पुस्तकम् अस्ति।

(घ) विज्ञानक्षेत्रे अस्य बहु योगदानम् अस्ति।

षष्ठमः पाठः

दीपावल्याः उत्सवः

हिंदी अनुवाद

अस्माकं भारतवर्षः ..... भवति।

अनुवाद—हमारा भारतवर्ष उत्सवों और पर्वों का देश है। यहाँ प्रचलित उत्सवों में दीपावली का स्थान सर्वश्रेष्ठ है। ऐसा सुना जाता है कि इस ही दिन त्रेतायुग में मर्यादापुरुषोत्तम श्री रामचन्द्र ने पिता की आज्ञा का पालन कर चौदह वर्ष तक वनवास कर, राक्षसराज रावण को मारकर, सीता और लक्ष्मण के साथ अयोध्या वापस आए। तब अयोध्या के लोगों ने दीपों की अवली (माला या पंक्ति) बनाकर दीप प्रज्वलित कर उनका अभिनन्दन किया था। अतएव इस पर्व को 'दीपावली' इस नाम से मानते हैं। यह पर्व कार्तिक महीने की अमावस्या के दिन होता है।

केचन विद्वांसः ..... पूजनं क्रियते।

अनुवाद—कुछ विद्वान कहते हैं कि कार्तिक महीने की अमावस्या के ही दिन भगवती महालक्ष्मी सागर के मध्य से उत्पन्न हुई थीं। और दूसरे कहते हैं कि इसी दिन लक्ष्मी बल के बंधन से विमुक्त हुई थीं। अतएव इस दिन लक्ष्मी का पूजन होता है। इस दिन लोग घरों की सब प्रकार से शुद्धि और सज्जा करते हैं। सफेदी से रंगे हुए घर नई दुल्हन की तरह सुशोभित होते हैं। सभी लोग नए कपड़े पहनते हैं। सायं काल में दीपों को जलाकर घरों में, मंदिरों मे और द्वारों पर रखते हैं। तब दीपों की माला बहुत सुशोभित होती है। रात में श्री गणेश के साथ लक्ष्मी का पूजन किया जाता है।

जनाः स्वमित्रेभ्यः ..... प्रकाशं कुर्मः।

अनुवाद—लोग अपने मित्रों और बन्धुओं को मिठाई बाँटते हैं। दूसरे दिन प्रतिपदा में प्रातःकाल गोवर्धन-पूजा होती है। उसके उपरान्त अपनी बहन के घर में भोजन करके लोग उन्हें यथाशक्ति (अपनी इच्छानुसार) द्रव्य (रुपये) देते हैं।

यह उत्सव हर्ष और उल्लास को पैदा करता है। इस उत्सव इसका संदेश है कि हमें अविद्यारूपी अंधकार को नष्ट करके अपने जीवन में प्रकाश करना चाहिए।

अभ्यास:

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) दीपावल्या: उत्सव: कार्तिक मासस्य अमावस्यायां भवति।

(ख) श्रीराम: पितु: आज्ञां परिपालयन् चतुर्दशवर्ष पर्यन्तं वनम् उष्तिवान्।

(ग) अस्मिन् दिने लक्ष्म्या: पूजनं क्रियते।

(घ) अस्य उत्सवस्य सन्देश: अस्ति यत् वयम् अविद्यान्धकारं विनाश्य स्व जीवने ज्ञानस्य प्रकाशं कुर्म:।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) अस्माकं भारतवर्ष: **उत्सवानां पर्वाणां** च देश: वर्तते।

(ख) इदं पर्व **कार्तिकमासस्य** अमावस्यायां भवति।

(ग) अस्मिन् दिने लक्ष्म्या: पूजनं भवति।

(घ) सुधाधवलितानि गृहाणि **नववधूरिव** भासन्ते।

(ङ) द्वितीय दिने प्रतिपादि प्रात:काले **गोवर्धनपूजा** भवति।

(च) अयम् उत्सव: **हर्षोल्लासं** जनयति।

3. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए—

महोत्सवेषु महा + उत्सवेषु
सूर्योदय: सूर्य + उदय:
हर्षोल्लासम् हर्ष + उल्लासम्
अविद्यान्धकारम् अविद्या + अन्धकारम्
तदनन्तरम् तद् + अनन्तरम्

4. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) अस्माकं भारतवर्ष: उत्सवानां देश: वर्तते।

(ख) इदं पर्व 'दीपावली' इति नाम्ना मन्यते।

(ग) रात्रौ देवीलक्ष्म्या: पूजनं भवति।

(घ) दीपावल्या: त्योहारं: अन्धकारे प्रकाशस्य विजयस्य प्रतीकम् अस्ति।

(ङ) सर्वे जना: स्वमित्रेभ्य: मिष्टान्नं वितरन्ति।

5. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए—

(क) हमारा देश पर्वों का देश है।

(ख) अयोध्यावासियों ने श्रीराम के आने पर घी के दीप जलाए थे।

(ग) इस दिन सजे हुए घर नववधू की तरह सुशोभित होते हैं।

(घ) यह त्योहार लोगों के हृदयों में हर्ष और उल्लास को पैदा करता है।

6. निम्नलिखित शब्दों का अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

(क) सर्वश्रेष्ठम् = महोत्सवेषु दीपावल्या: स्थानं **सर्वश्रेष्ठम्** अस्ति।

(ख) राक्षसराज: = **राक्षसराज:** रावण: सीता हृत्वा स्वगृहे नयति।

(ग) विमुक्ता = अस्मिन् दिने लक्ष्मी: बले: बन्धनात् **विमुक्ता** अभवन्।

(घ) भासन्ते = अस्मिन् दिने सज्जितानि गृहाणि नववधूरिव **भासन्ते**।

(ङ) पूजनम् = रात्रौ लक्ष्म्या: पूजनं भवति।

7. सही वाक्य के सामने (✓) और गलत वाक्य के सामने (✗) का निशान लगाइए

(क) ✓, (ख) ✗, (ग) ✗, (घ) ✓, (ङ) ✓

8. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए—

महोत्सवेषु = **महान उत्सवों में** श्रूयते = **सुना जाता है**
प्रज्वाल्य = **प्रज्वल्लि करके** यथाशक्ति: = **शक्ति अनुसार**
विनाश्यं = **विनाश अथवा नष्ट करके** प्रकाश: = **उजाला**

सप्तमः पाठः — नीतिवचनानि

हिंदी अनुवाद

वृत्तं यत्नेन ..... हतो हत:।।

अनुवाद—चरित्र की यत्नपूर्वक रक्षा करनी चाहिए, धन तो आता है और चला जाता है। धन के नष्ट होने पर कुछ भी नष्ट नहीं होता परंतु चरित्र के नष्ट हो जाने पर सब कुछ नष्ट हो जाता है।

सत्यं ब्रूयात् ..... सनातन:।।

अनुवाद—प्रिय और सत्य बोलना चाहिए। अप्रिय सत्य नहीं

बोलना चाहिए और असत्य प्रिय नहीं बोलना चाहिए यही सनातन धर्म है।

अक्रोधेन ..... नान्ततम्।।

अनुवाद—क्रोध को अक्रोध से जीतना चाहिए, असाधु को साधु से जीतना चाहिए, कंजूस को दान से जीतना चाहिए और असत्य को सत्य से जीतना चाहिए।

मनसा ..... नियोजयेत्।

अनुवाद—मन में विचार किए गए कार्य को वाणी से नहीं कहना चाहिए। मन्त्र की भाँति रहस्य की रक्षा करनी चाहिए और कार्यों को नियोजित करते रहना चाहिए।

अनाहूतः ..... नराधमः।।

अनुवाद—जो बिना बुलाए प्रवेश करता है बिना पूछे बहुत बोलता है अविश्वासी पर विश्वास करता है ऐसे मूर्ख चित वाला नर अधम होता है।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) वृतं यत्नेन संरक्षेत्।

(ख) प्रियम् अनृतं न ब्रूयात् एषः एव धर्मः सनातनः।

(ग) कदर्यं दानेन जयेत्।

(घ) मा ब्रूयात् सत्यमप्रियम्।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) वृत्तं **यत्नेन संरक्षेत् वित्तमायाति यति** च।
अक्षीणोः वित्ततः क्षीणो वृत्तस्तु हतो हतः।।

(ख) अक्रोधेन **जयेत् क्रोध साधुं असाधुना जयेत्।**
जयेत् **कदर्यं दानेन जयेत सत्येन** नानृतम्।

(ग) अनाहूतः **प्रविशति अपृष्टो बहु** भाषते।
अविपूवस्ते विश्वसिति मूढ़चेता नराधमः।।

3. निम्नलिखित शब्दों में संधि-विच्छेद कीजिए—

नानृतम् = **न + अनृतम्**

वृत्तस्तु = **वृत्तः + अस्तु**

सत्यमप्रियम् = **सत्यम् + अप्रियम्**

अनाहूतः = **अन् + आहूतः**

नराधमः = **नरः + अधमः**

4. निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए और अपने वाक्यों में प्रयोग कीजिए—

(क) दानम् = **संग्रहः**
कदर्यं दानेन **जयेत्।**

(ख) सत्यम् = **अनृतम**
सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्।

(ग) साधुः = **असाधुः**
असाधु साधुना जयेत्।

(घ) प्रियम् = **अप्रियम्**
सत्यं ब्रूयात् प्रियं ब्रूयात्।

(ङ) क्रोधम् = **शान्तः (अक्रोधम्)**
क्रोधम् अक्रोधेन जयेत्।

5. निम्नलिखित शब्दों के विभक्ति और वचन लिखिए—

शब्दः	**विभक्तिः**	**वचनम्**
कार्ये =	**सप्तमी**	**एकवचनम्**
प्रियम् =	**द्वितीया**	**एकवचनम्**
दानेन =	**तृतीया**	**एकवचनम्**
यत्नेन =	**तृतीया**	**एकवचनम्**
अक्रोधेन =	**तृतीया**	**एकवचनम्**
मनसा =	**तृतीया**	**एकवचनम्**

6. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) चरित्रस्य यत्नपूर्वकं रक्षा करणीया।

(ख) प्रियं नानृतं ब्रूयात्।

(ग) सदा सत्यं ब्रूयात।

(घ) कदर्यं दानेन जयेत्।

7. निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए—

सत्यम् + अप्रियम् = **सत्यमप्रियम्**

वित्तम् + आयाति = **वित्तमायाति**

वृत्तः + अस्तु = **वृत्तस्तु**

न + अनृतम् = **नानृतम्**

अन् + आहूतः = **अना हूतः**

नरः + अधमः = **नराधमः**

8. निम्नलिखित श्लोकों के अर्थ लिखिए—

(क) सत्यं ब्रूयात् .....सनातनः।

अनुवाद—सत्य बोलना चाहिए और प्रिय बोलना चाहिए और अप्रिय सत्य नहीं बोला चाहिए असत्य प्रिय नहीं बोला चाहिए, यही सनातन धर्म है।

(ख) अनाहूतः ..... नराधमः।।

अनुवाद—जो बिना बुलाए प्रवेश करता है, बिना पूछे बहुत बोलता है, अविश्वासी पर विश्वास करता है, ऐसे मूर्ख चित्त वाला नर अधम होता है।

हिंदी अनुवाद

प्राचीनकाले ..... अभोजयत्।

अनुवाद—प्राचीन काल में श्रीकृष्ण और सुदामा नामक ब्राह्मण पुत्र दोनों गुरु सन्दीपन के आश्रम में विद्या ग्रहण करते थे। कालांतर में कृष्ण द्वारका के राजा हुए और सुदामा निर्धन ही रह गए।

एक बार पत्नी के द्वारा प्रेरित किए जाने पर सुदामा श्री कृष्ण के दर्शन के लिए द्वारका गए। जब द्वारपाल ने श्रीकृष्ण को ब्राह्मण के आने की सूचना दी, उसी क्षण ही वे उनके स्वागतार्थ दौड़े आए और स्वयं ही उसके पैरों को धोने लगे। उन्हें हृदय से गले लगाया और प्रेमपूर्वक भोजन कराया।

यदा सुदामा ..... सफली भूतम्।

अनुवाद—जब सुदामा आसन पर बैठे थे तब श्रीकृष्ण ने कहा-''मित्र! क्या तुम्हें याद है जब हम दोनों गुरुकुल में रहते थे वहाँ पढ़ते थे और वन में फूलों का फलों का और लकड़ियों का चयन कर रहे थे, तभी एक तूफान (झंझावात) आ गया। हम दोनों वन में घूम रहे थे। तब सूर्य भी अस्त हो गया था, हम दोनों डर रहे थे, इसके बाद पूज्य गुरुजीने हमें खोजा और कहा-''मेरे प्रिय शिष्यो! तुम दोनों ने मेरी सेवा की, मैं तुम्हारे व्यवहार से प्रसन्न हूँ, मेरा पढ़ाना सफल हुआ।

सुदामा बोले-''मित्रं! सत्य मैं वह सारा वृत्तांत याद करता हूँ। गुरुकुल में हम दोनों का निवास कितना सुखकर था, यह कहने में असमर्थ हूँ। तुम्हारे स्नेह से मैं कृतकृत्य हो गया हूँ। तुम्हारे साथ मेरा अध्ययन आज सफल हुआ।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) श्रीकृष्णः सुदामा नाम्नः ब्राह्मणश्च सन्दीपनस्य आश्रमे विद्याम् अपठताम्।

(ख) कालान्तरे सुदामा निर्धनः एव अतिष्ठत्।

(ग) श्रीकृष्णः सुदामायाः स्वागतार्थम् अधावत्।

(घ) कृष्णस्य कथनानुसारेण गुरुणा उक्तमासीत् यत् ''अहं युवयोः व्यवहारेण प्रसन्नोऽस्मि, मम अध्यापनं सफलम् अभवत्।''

(ङ) ''मम अध्ययनम् अद्य सफलीभूतम्'' एतत् सुदामाया उक्तम्।

2. रिक्त स्थानों को भरिए—

(क) कालान्तरे कृष्णः द्वारकायाः **राजा** अभवत्।

(ख) तदैव झंझावातः **आगच्छत्**।

(ग) अनन्तरं पूज्यः गुरुः आवयोः **अन्वेषणम्** अकरोत्।

(घ) युवां मम सेवाम् **अकुरुतम्**।

(ङ) अहं युवयोः व्यवहारेण **प्रसन्नोऽस्मि**।

(च) गुरुकुले आवयोः निवासः कियत् सुखकरः **आसीत्।**

3. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) आवां गुरुकुले अपठाव।

(ख) आवां वने अगच्छाव।

(ग) आवां सहैव पुष्पाणां चयनम् अकुर्व।

(घ) आवां सहैद अपठाव।

(ङ) अहं युवयोः व्यावहारेण प्रसन्नोऽस्मि।

(च) तव स्नेहेन अहं धन्यः अभवय्।

4. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए—

(क) छात्रौ-द्वौ **छात्रौ** आश्रमे विद्याम् अपठताम्।

(ख) कालान्तरे-**कालान्तरे** कृष्णः द्वारकायाः राजा अभवत्।

(ग) प्रेरितः करता हूँ एकदा भार्यया **प्रेरितः** सुदामा कृष्णस्य दर्शनाय द्वारकां प्रति अगच्छत्।

(घ) चरणौ-कृष्णः तस्य **चरणौ** प्रक्षालयत्।

(ङ) अभोजयत्-तं प्रीतिपूर्वकं **अभोजयत्**।

(च) अध्ययनम्-त्वया सह मम **अध्ययनम्** अद्य सफली भूतम्।

(छ) चयनम्-वने आवां फलानां **चयनम्** अकुर्व।

5. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(क) आवां वने बहुकालफर्यन्तम् अभ्रमाव।

(ख) अस्माकं परिश्रमः अद्य सफली भूतः।

(ग) मयूराः वने अनृत्यन्।

(घ) यमुनातटे खगाः कलरवम् अकुरुत्।

(ङ) आवां विद्यालये संस्कृत अपठाव।

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए—

मित्रम् = **शत्रुः** विद्या = **अविद्या**

राजा = **भिक्षुः** धनिकः = **निर्धनः**

भार्या = **पतिः** प्रेमः = **घृणा**

अस्तः = **उदयः** सुखकरः = **दुःखकरः**

सफलः = **विफलः** समर्थः = **असमर्थः**

7. निम्नलिखित शब्दों में संधि कीजिए—

ब्राह्मण: + च = **ब्राह्मणश्च**

तत् + क्षणम् + एव = **तत्क्षणमेव**

अनु + एषणम् = **अन्वेषणम्**

प्रसन्न: + अस्मि = **प्रसन्नोऽस्मि**

हिंदी अनुवाद

नवमः पाठः

अरण्यम्

अरण्यम् ..... कुरूजाङ्गलम्॥

अनुवाद—वन हमें वनस्पति देता है। यह वन्य प्राणियों की रक्षा करता है और औषधि देता हैं।

वन में पशु चरते हैं। अनेक पशु निवास करते हैं। वनों का न्याय प्रसिद्ध है। वहाँ सभी स्वतंत्र रूप से चरते हैं। वन में अनेक पक्षी पेड़ों पर निवास करते हैं। वहाँ कोयल कूकती हैं, मोर नाचते हैं, शेर गजरते हैं, हाथी चिंघाड़ते हैं। सभी जगह मन को हरने वाला सौंदर्य है। जहाँ युद्ध आदि कुत्सित (बुरे) काम नहीं होता है अरण्य हो सकता है ऐसा भी कहे जाते हैं। स्वाधीन भारत वर्ष में सरकार के आदेश पर अभयारण्यों का निर्माण हुआ 'वनसम्पदा, राष्ट्रसम्पदा का तीसरा भाग वन ही होना चाहिए। वृक्षारोपण संविधान-सम्मत कार्य है। प्राचीन काल में ऋषि वन में रहते थे।

वहाँ वे तपस्या करते थे और मंत्रों को बोलते थे। भारत में दण्डकादि नौ अरण्य (वन) मोक्ष देने वाले कहे जाते हैं। वे हैं- दण्डक, सैन्धव वन जम्बुमार्ग और पुष्कर,

उत्पलावर्त्तकवन नैमिष कुरूजाङ्गल वन।

रामः ..... जीवन शैली वर्तते।

अनुवाद—राम चौदह वर्षों तक लक्ष्मण और सीता के साथ वन-वन में घूमे थे। पांडवों ने भी बारह (12) वर्षों तक वन में निवास किया था। बुद्ध ने वन में तपस्या की थी। मुनि साधु, संन्यासी, तपस्या करने वाले आत्मा की खोज करने वाले ऋषि आदि सभी वन को गए और सत्य की खोज के लिए तपस्या की। बृहदारण्यकोपनिषद महान ग्रंथ ने अरण्य-जीवन की स्मृति है।

पर्यटक घूमने के लिए वन में जाते है। पिकनिक वर्तमान समय में आनन्दमूला जीवनशैली है।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) अरण्यम् अस्मभ्यं वनस्पतिं ददाति।

(ख) अरण्ये मृगाश्चरन्ति, नाना पशव: निवसन्ति, नाना पक्षिण: वृक्षेषु निवसन्ति।

(ग) पुराकाले ऋषय: अरण्ये वसन्ति स्म।

(घ) अरण्ये ऋषय: तप: कुर्वन्ति स्म, मन्त्रान् वदन्ति स्म।

(ङ) वनस्म्पदा राष्ट्रस्य सम्पदा अस्ति।

(च) पर्यटका: अभयारण्यं वनान्तरम् अनुगच्छन्ति।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) नाना पशव: **अरण्ये** निवसन्ति।

(ख) अरण्ये मृगा: **चरन्ति**।

(ग) अरण्ये नाना पक्षिण: **वृक्षेषु** निवसन्ति।

(घ) राष्ट्रसम्पदाया: तृतीयांश: **अरण्यं** भवेत्।

(ङ) पुराकाले ऋषय: **अरण्ये** वसन्ति स्म।

(च) बुद्ध: वने **तपश्** चकार।

3. हिंदी में अनुवाद कीजिए—

(क) वन हमें वनस्पति देते हैं।

(ख) वन में पशु चरते हैं।

(ग) वन में अनेक प्रकार के पक्षी पेड़ पर रहते हैं।

(घ) सभी जगह मनोहरी सौंदर्य (सुंदरता) दिखाई देता है।

(ङ) प्राचीन काल में ऋषि वन में रहते थे।

(च) भारत में दण्डक आदि नवारण्य मोक्ष प्रदान कारी कहे जाते हैं।

4. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) अरण्यम् अस्मभ्यं वनस्पतिम् औषधं च ददाति।

(ख) राष्ट्रसम्पदाया: तृतीयांश: अरण्यं भवेत्।

(ग) वने नाना पशव:-पक्षिणश्च निवसन्ति।

(घ) पुराकाले ऋषय: मुनय: वने वसन्ति स्म।

(ङ) तत्र कोकिला कूजन्ति मयूराश्च नृत्यन्ति।

(च) वनसम्पदा राष्ट्रसम्पदा अस्ति।

5. सही वाक्य के सामने (✓) और गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए—

(क) ✓, (ख) ✗, (ग) ✗, (घ) ✓, (ङ) ✓, (च) ✓, (छ) ✓, (ज) ✓

6. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि-विच्छेद कीजिए—

मृगाश्चन्ति = **मृगा: + चरन्ति**

तृतीयांश: = **तृतीय: + अंश:**

तपश्चरणम् = **तपः + चरणम्**

तपश्चकार = **तपः + चकार**

7. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए और संस्कृत में वाक्य बनाइए—

(क) अरण्यम् = **जंगल**

अरण्यम् **अस्मभ्यं वनस्पतिं ददाति।**

(ख) अनुगच्छति = **पीछे जाता है**

पर्यटकः अभयारण्यं वनान्तरम् अनुगच्छति।

(ग) वनसम्पदा = **जंगल की धरोहर**

वनसम्पदा **राष्ट्रसम्पदायाः तृतीयांशः अरण्यं भवेत्।**

(घ) वनभोजः = **पिकनिक**

वनभोजः वर्तमान काले आनन्दमूला जीवनशैली वर्तते।

(ङ) वृक्षारोपणम् = **वृक्ष लगाना**

बालकाः वृक्षारोपणं **कुर्वन्ति।**

(च) तपश्चरणम् = **तपस्या करना**

बुद्धः वने तपश्चकार।

(छ) मन्त्रान् = **मत्रों को**

ऋषयः मुनयः मन्त्रान् वदन्ति।

(ज) पुराकाले = **प्राचीन काल (समय) मे**

पुरा काले ऋषयः मुनयः अरण्ये वसन्ति स्म।

8. चित्रों को देखकर वाक्य पूरे कीजिए-

(क) बुद्धः वने **तपश्चकार**।

(ख) अरण्ये जनाः **भ्रमणाय** अपि गच्छन्ति।

(ग) वने नाना **पक्षिणः पशवश्च** निवसन्ति।

दशमः पाठः

क्रान्तिकारी सुखदेवः

हिंदी अनुवाद

आंग्लशासकानां ..... सर्वे जानन्ति।

अनुवाद—अंग्रेजी शासन की दासता से मुक्ति प्राप्त करने के लिए सभी देशवासी लगे हुए थे। किंतु दूसरा पक्ष जो अहिंसा के विपरीत मार्ग को मानता था। उनमें प्रथम पक्ष का विचार था कि सत्य-अहिंसा और सत्याग्रहान्दोलन से स्वतंत्रता की प्राप्ति होगी। वे 'शठे शाठयं समाचरेत्' 'अर्थात् दुष्ट के साथ दुष्टता का व्यवहार करना चाहिए।' इस भावना के रूप में अगसर थे। पंजाब प्रदेश के कुछ नवयुवक उत्साहपूर्वक कार्यरत थे वे भगतसिंह, राजगुरु आदि थे। अंग्रेजी शासन के विद्रोह के लिए विस्फोटक पदार्थो की पूर्ति में कार्यरत भारतीय नवयुवक क्रांतिकारी सुखदेव का नाम सभी जानते हैं।

सुखदेवस्य ..... भूमिका आसीत्।

अनुवाद—सुखदेव का जन्म पंजाब प्रदेश के लुधियाना जिले के निराव गाँव में 1907 ई० में 15 मई को हुआ था। क्रांतिकारी सुखदेव की माता रत्नादेवी और पिता रामपाल थे। 9 सितंबर 1928 ई० में इंद्रप्रस्थ में (दिल्ली में) क्रांतिकारियों को संगठित करके सशक्त क्रांति का उत्तरदायित्व उन्हें दिया गया। इस समय सुखदेव अपनी शिक्षा अध्ययन में कार्यरत थे। क्रांतिकारियों के सम्पर्क में आकर उन्हें ज्ञात हुआ कि जिसके शासन में कभी भी सूर्यास्त नहीं हुआ इस प्रकार के बृहत शक्तिशली शासक के विरुद्ध हथियारों के बिना संघर्ष करना असंभव है। पंजाब प्रदेश के क्रांतिकारी भगतसिंह और राजगुरु को बाहर निकालने करने में सुखदेव की महत्वपूर्ण भूमिका थी।

सुखदेवस्य ..... मृत्युम् अददात्।

अनुवाद—सुखदेव के हाथ के ऊपर सुखदेव ऐसा लिखा हुआ था इस कारण से किसी भी समय में पहचाने जा सकते थे। अतः उन्होंने अपने हाथ के ऊपर जलाने वाले तीक्ष्ण अम्ल को डालकर अग्नि में रखकर उसे मिटाना चाहा परंतु उनका नाम नहीं मिटा। उसके बाद नामांकित हाथ के ऊपर लिखे नाम को मोमबत्ती से जलाया। सुखदेव कुशल संगठनकर्ता और दूरदर्शी थे। उन्होंने विस्फोटक पदार्थो के निर्माण की शिक्षा प्राप्त करके लवपुर (लाहौर) में विस्फोटक पदार्थों की उद्योगशाला गुप्त रूप से चलाई। थोड़ी ही समय में वे विस्फोटक पदार्थों के निर्माण में दक्ष (कुशल) हो गए। क्रांतिकारियों के लिए विस्फोटकों का निर्यात इनके माध्यम से हुआ था। अंग्रेज शासकों के गुप्तचर ने उन्हें सूचना देकर बंदी करवाया। 24 वर्षीय सुखदेव को भगतसिंह और राजगुरु के साथ 23 मार्च 1931 ई० को अंग्रेज शासकों द्वारा फाँसी दी गई थी।

क्रान्तिकारीणां बलिदानः ..... करोति।

अनुवाद—क्रांतिकारियों का यह बलिदान कभी भी व्यर्थ नहीं जाता है। परिणामस्वरूप उनसे अनुप्राणित देश की प्रजा विद्रोह करके देश की स्वतंत्रता के लिए संलग्न हो गई।

अमरता को प्राप्त करने वाले सुखदेव के जन्म पर भारतवर्ष गौरव का अनुभव करता है।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए—

(क) सुखदेवस्य जन्म सन् अष्टदिंशमधिकम् एकोनविंशतितमे मईमासस्य पञ्चदश दिनांके अभवत्।

(ख) देशवासिनां प्रथमपक्षस्य विचारासीत् यत् सत्याहिंसा-सत्याग्रहान्दोलनेन च स्वतन्त्रता प्राप्तिः भविष्यति।

(ग) सुखदेवः द्वितीय दलस्य क्रान्तिकारी आसीत्।

(घ) सुखदेवस्य हस्तोपरि 'सुखदेवः' इति अंकितम् आसीत्।

(ङ) एकत्रिंशमधिक मेकोनविंशतितमे मार्चमासस्य त्रयोविंशतिदिनांके सुखदेवः मृत्युं प्राप्नोत्।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) परं द्वितीयपक्षरासीत् यः अहिंसाविपर्यया **दिशामार्गे** प्रशस्तासीत्।

(ख) सुखदेवस्य जन्म **पाञ्चाल** प्रदेशस्य **लुधियाना** जनपदस्य निरावग्रामे अभवत्।

(ग) तदुपरान्ते नामांकितं हस्तम् आदाय **द्रावर्तिकया** ज्वल्यमानं कृतवान्।

(घ) आंग्लशासकस्य **गुप्तचरेण तं** सूचनया बन्दीकृतम्।

(ङ) **क्रांतिकारिणां** बलिदानः कदापि व्यर्थं न जायते।

3. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) सुखदेवस्य जन्म लुधियाना जनपदान्तर्गते निरावग्रामे अभवत्।

(ख) सुखदेवः एकः सशक्तः क्रान्तिकारी आसीत्।

(ग) सुखदेवस्य हस्तोऽपरि 'सुखदेव' इति नामां कितमासीत्।

(घ) सुखदेवाय भगतसिंहः राजगुरुभ्यां सहितं रज्जुपाशैः मृत्युम् अददात्।

(ङ) देशभक्ताणां दलद्वयमासीत्- उग्रदलः विनम्रदलश्च।

4. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए और इनकी वाक्य-रचना संस्कृत में कीजिए—

(क) स्वहस्तोऽपरि = **अपने हाथ के ऊपर**
सुखदेवस्य स्वहस्तोऽरि **'सुखदेव' इति नामांकितमासीत्।**

(ख) संगठिकृत्य = **संगठन करके**
इन्द्रप्रस्थे क्रांतिकारिणान् संगठिकृत्य **सशक्तः क्रान्त्योत्तरदायित्वं तस्मै दत्तम्।**

(ग) गुप्तचरेण = **गुप्तचर के द्वारा**
आंग्लशासकस्य गुप्तचरेण तं सूचनया बन्दीकृतम्।

(घ) निर्यातम् = **भेजना**
क्रान्तिकरियः विस्फोटकानां निर्यातं सुखदेवस्य माध्यममेन अभवत्।

(ङ) कार्यरतेषु = **काम में लगे हुए**
आंग्लशासनविद्रोहाय विस्फोटक पदार्थापूर्तिं कार्यरतेषु भारतीय नवयुवकेषु क्रान्तिकारी सुखदेवस्य नाम सर्वे जानन्ति।

(च) दूरदर्शी = **दूरदृष्टि वाले**
सुखदेवः कुशल संगठकर्ता दूरदर्शी चासीत्।

5. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए—

(क) सुखदेव का जन्म पंजाब प्रदेश के लुधियाना जिले के निराव गाँव में हुआ था।

(ख) इस समय सुखदेव अपनी शिक्षा पूरी करने में कार्यरत थे।

(ग) सुखदेव के हाथ पर 'सुखदेव' गुदा हुआ था।

(घ) सुखदेव कुशल संगठन करने वाले दूरदृष्टि वाले थे।

(ङ) क्रान्तिकारियों के लिए विस्फोट सामान का निर्यात सुखदेव के द्वारा होता था।

(च) सुखदेव के जन्म शताब्दी पर भारत गौरव का अनुभव करता है।

6. निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए-

पुरुषः = **स्त्री** मुक्तिः = **बन्धनः**
शठः = **सज्जनः** पूरितः = **रिक्तः**
जनकः = **जननी** संघर्षः = **शान्तिः**
सूर्यास्तः = **सूर्योदयः** मृत्युः = **जन्मः**

हिंदी अनुवाद

कमलः आचार्यवर! ..... जीवितुं शक्नोति।

अनुवाद—

कमल : आचार्य जी! कल सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता होगी। आयुर्वेद के विषय में मेरी अधिक जानकारी नहीं है। कृपया आप मेरी सहायता करें।

आचार्य जी : अच्छा, बेटे! क्या तुम जानते हो वेद कितने हैं?

कमल : जानता हूँ महादेव! चार वेद है। उनके नाम हैं ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद और अर्थ वेद।

आचार्य जी : अच्छा! इसी प्रकार से चार उपवेद भी है; जैसे—आयुर्वेद, धनुर्वेद, गान्धर्ववेद और अर्थशास्त्र। उपवेद में पहला आयुर्वेद मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए सर्वोत्तम है।

कमल : आयुर्वेद का आरंभ कब हुआ?

आचार्य जी : अरे! अनन्तकाल से देव और ऋषि आयुर्वेद का प्रचार कर रहे हैं। मनुष्य लोक में धन्वन्तरि इसके प्रथम प्रचारक माने जाते हैं। इसके पश्चात् चरक-सुश्रुत-वाग्भट्ट आदि आयुर्वेद के प्रसिद्ध आचार्य हुए हैं। उन्होंने कहा है कि-''आयुर्वेद के नियमों के पालन से मनुष्य सौ वर्षों तक सुखपूर्वक स्वस्थ जीवन यापन कर सकता है।''

कमलः मनुष्यः कथं ..... सज्जः अस्मि।

अनुवाद—

कमल : मनुष्य किस प्रकार से रोगी होता है आचार्य जी?

आचार्य जी : अयुर्वेद के अनुसार शरीर में 'बात-पित्त-कफ' ये तीन दोष होते हैं। जब मिथ्या आहार (भोजन) से और मिथ्या विहार (भ्रमण) से ये कुपित हो जाते हैं तब मनुष्य रोगी होता है।

कमल : आचार्य जी! मनुष्य स्वास्य लाभ कैसे करता है?

आचार्य जी : आयुर्वेद में रोग का निदान है। समुचित आहार का पालन करने से मनुष्य सदैव स्वस्थ होता (रहता) है।

कमल : कृपया औषधियों (दवाइयों) के नाम भी बताइए जिनके द्वारा लोग (मनुष्य) दीर्घ आयु को प्राप्त करते हैं।

आचार्य : हरड, बहेडा और आँवला इस प्रकार की औषधियाँ है। 'त्रिफला' आयु को बढ़ाने वाला और रोग निवारक होता है।

कमल : इस प्रकार आजकल रोगी मनुष्य आयुर्वेद को पुनः सम्मान देने लगे हैं।

आचार्य जी : हाँ! यह भी समझो कि औषधियों का प्रयोग अनेक प्रकार से होता है जैसे- काणदि चूर्ण, अर्क, चटनी, गोली, रस और रसायन। आयुर्वेद का प्रचार विदेशों में भी हो रहा है।

कमल : धन्यवाद आचार्य जी! अब मैं प्रतियोगिता के लिए तैयार हूँ।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) आयुर्वेदः मनुष्याणां स्वास्थ्यलाभाय सर्वोत्तमः हेतुः अस्ति।

(ख) आयुर्वेदस्य प्रथमः प्रचारकः धन्वन्तरिः अस्ति।

(ग) वेदाः चत्वकारः सन्तिः तेषां नामानि ऋग्वेदः यजुर्वेदः, समवेदः, अथर्ववेदः च।

(घ) उपवेदाः चत्वारः सन्ति तेषां नामानि आयुर्वेदः, धनुर्वेदः, गान्धर्ववेदः, अर्थशास्त्रं: च।

(ङ) 'हरीतकीं विभीतकं आमलकं' इति त्रिफला कथ्यते।

2. निम्नलिखित शब्दों को पढ़िए और लिखिए—

उपवेदाः = **आयुर्वेदः धनुर्वेदः गान्धर्ववेदः अर्थशास्त्रः** आयुर्वेदः = **एकः उपवेदः**

औषधिः = **स्वास्थ्यलाभाय**

सुश्रुतः = **आयुर्वेदस्य आचार्यः**

वाग्भट्टः = **आयुर्वेदस्य आचार्यः**

धन्वन्तरिः = **आयुर्वेदस्य आचार्यः अस्ति।**

3. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि-विच्छेद कीजिए—

नाधिकम् = **न + अधिकम्**

विदेशष्वपि = **विदेशेषु + अपि**

अधुनाहम् = **अधुना + अहम्**

मिथ्याहारेण = **मिथ्या + आहारेण**

अयुर्वेदानुसारम् = **आयुर्वेद + अनुसारम्**

4. निम्नलिखित शब्दों के विभक्ति, वचन और लिंग लिखिए—

शब्दः	विभक्तिः	वचनम्	लिङ्गः
चत्वारः	**प्रथमा**	**बहुवचनम्**	**पुल्लिङ्गः**
शतवर्षाणि	**प्रथमा**	**बहुवचनम्**	**नपुंसकलिङ्गः**
उपवेदाः	**प्रथमा**	**बहवुचनम्**	**पुल्लिङ्गः**
समुचित-पथ्यपालनेन	**तृतीया**	**एकवचनम्**	**पुल्लिङ्गः**
गुटिका	**प्रथमा**	**एकवचनम्**	**स्त्रीलिङ्गः**
स्वास्थ्यलाभाय	**चतुर्थी**	**एकवचनम्**	**पुल्लिङ्गः**
औषधीनाम्	**द्वितीया**	**एकवचनम्**	**पुल्लिङ्गः**
स्पर्धायाः	**षष्ठी**	**एकवचनम्**	**स्त्रीलिङ्गः**

5. चित्रं दृष्ट्वा तेषां नामानि लिखत—

घृतकुमारी **जायफालः तुलसी**

आमलकम् कृष्णमरिचम्

6. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए और वाक्य बनाइए—

(क) स्पर्धा = **प्रतियोगिता**

श्वः सामान्यज्ञानस्पर्धा भविष्यति।

(ख) शोभनम् = **सुंदर**

कमलः-आचार्यवर! वेदाः चत्वार सन्ति। आचार्यवरः-शोभनम्।

(ग) प्रचारकः = **प्रचार करने वाला**

मनुष्यलोके तु धन्वन्तरि अस्य प्रथमः प्रचारकः मन्यते।

(घ) सुखेन = **सुख से**

आयुर्वेस्य नियमानां पालनेन मानवः सुखेन शतवर्षाणि जीवितं शक्नोति।

(ङ) रुग्णः = **रोगी**

मनुष्यः कथं रुग्णः भवति?

(च) दीर्घायुः = **अधिक आयु**

कृपया औषधीनां नामानि अपि वदतु याभिः जनाः दीर्घायुः प्राप्नुवन्ति।

द्वादशः पाठः

श्री जवाहरलाल नेहरूः

हिंदी अनुवाद

अस्माकं ..... आसीत्।

अनुवाद—हमारे देश में अनेक महापुरुष हुए हैं। कुछ राजनेता, कुछ समाज सुधारक, दूसरे वैज्ञानिक और विद्वान थे। राष्ट्रभक्तों में पं० नेहरू का नाम अग्रणी है। इस महाभाग (महोदय) का नाम पं० जवाहरलाल नेहरू था। इनके पिता का नाम पं० मोतीलाल नेहरू था। वे भारत के प्रसिद्ध वकील थे।

पं० जवाहरलालस्य ..... प्राप्तवान्।

अनुवाद—पं० जवाहरलाल का जन्म इलाहाबाद नगर में 1889 ई० में 14 नवंबर को हुआ था। उनका विशेष लालन-पालन हुआ। प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त कर वे ब्रिटेन गए। वहाँ उन्होंने कानून की पढ़ाई पढ़कर 'बैरिस्टर' की उपाधि प्राप्त की थी।

स्वकीयदेशम् ..... अपि अगच्छत्।

अनुवाद—अपने देश में आकर जवाहरलाल का मन विदेशियों की सेवा करने में न लग सका। देश की सेवा करने लग गए। उनकी पत्नी कमलादेवी भी देश सेवा में लग गईं। गांधी महोदय के द्वारा चलाए गए सत्याग्रह में जवाहरलाल सम्मिलित हुए। वे भारत के गाँव-गाँव, नगर-नगर में गए और लोगों को स्वतंत्रता के लिए प्रोत्साहित किया। वे अनेक बार जेल भी गए।

अन्ते एतादृशानां ..... समर्पिता आसीत्।

अनुवाद—अन्त में इस प्रकार के महापुरुषों द्वारा किया गया प्रयत्न सफल हुआ। 1947 ई० वर्ष में 15 अगस्त के दिन भारत आजाद हुआ। पं० जवाहरलाल देश के प्रथम प्रधानमंत्री हुए। वे लोकप्रिय नेता थे। लोग उनसे विशेष स्नेह, करते थे। देश की सेवा में उन्होंने अपने प्राण को त्यागा। वे पूरे संसार में शांति के दूत के नाम से जाने जाते हैं। उनकी पुत्री इंदिरा गांधी भी देश की सेवा के लिए समर्पित थीं।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) पं० जवाहरलालस्य जन्म 1889 तमे ख्रीष्टाब्दे नवंबर मासस्य चतुर्दश दिनांकेऽ भवत्।

(ख) जवाहरलालस्य पितुर्नाम मोतीलाल नेहरूः आसीत्।

(ग) जवाहरलालः 'बैरिस्टर' इत्युपाधिं प्राप्नोत्।

(घ) जवाहरलालस्य पत्न्याः नाम कमलादेवी आसीत्।

(ङ) 1947 तमे वर्षे अगस्त-मासस्य पंचदश दिनांके भारतवर्ष: स्वतन्त्रतोऽभवत्।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) अस्माकं देशे बहव: **महापुरुषाः** अभवन्।
(ख) राष्ट्रभक्तेषु पं० नेहारोर्नाम **अग्रगण्यः** अस्ति।
(ग) तस्य पितुर्नाम **पं० मोतीलाल नेहरूः** आसीत्।
(घ) स: भारतस्य प्रसिद्ध: **वाक्कीलः** आसीत्।
(ङ) स: देशस्य सेवायां **प्राणान्** अत्यजत्।
(च) स: अनेकवारं कारागारम् अपि **अगच्छत्।**

3. निम्नलिखित वाक्यों का हिंदी में अनुवाद कीजिए—

(क) अपने देश आकर जवाहरलाल नेहरू का मन अंग्रेजों की सेवा में नहीं लगा।
(ख) वे देश की सेवा में लग गए।
(ग) जवाहरलाल उच्चशिक्षा प्राप्त करने के लिए ब्रिटेन गए।
(घ) वह भारत के गाँव-गाँव नगर-नगर में गए।
(ङ) नेहरू जी सम्पूर्ण विश्व में शांतिदूत नाम से जाने जाते हैं।

4. निम्नलिखित वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) राष्ट्रभक्तेषु पं० जवाहरलाल नेहरो: नाम अग्रगण्य: अस्ति।
(ख) तस्य पितुर्नाम पं० मोतीलाल नेहरू: आसीत्।
(ग) जवाहरलाल नेहरो:लालनं-पालनं विशेषपूर्वकम् अभवत्।
(घ) उच्चशिक्षायै पं० नेहरू: आंगले देशम् अगच्छत्
(ङ) पं० नेहरू: विश्वे शांतिदूत नाम्ना ज्ञायते।
(च) नेहरू महोदयस्य पुत्री नाम श्रीमती इन्दिरा गांधी आसीत्।
(छ) सा महती देशभक्ता आसीत्।

5. सही वाक्य के सामने (✓) और गलत वाक्य के सामने (✗) का चिह्न लगाइए—

(क) ✓, (ख) ✓, (ग) ✗, (घ) ✗, (ङ) ✓, (च) ✓, (छ) ✓, (ज) ✓

6. निम्नलिखित शब्दों में सन्धि-विच्छेद कीजिए—

विद्वांसश्च = **विद्वांसः + च**
नेहरोर्नाम = **नेहरोः + नाम**
पितुर्नाम = **पितुः + नाम**
स्वतन्त्रोऽभवत् = **स्वतन्त्रः + अभवत्**
सफलोऽभवत् = **सफलः + अभवत्**
इत्युपाधिम् = **इति + उपाधिम्**

7. सविग्रह समास का नाम लिखिए—

राष्ट्रभक्त: = **राष्ट्रस्य भक्तः** **तत्पुरुष समासः**
प्रधानमंत्री = **प्रधानस्य मन्त्री** **तत्पुरुष समासः**
लोकप्रिय: = **लोकानाम् मन्त्री** **तत्पुरुष समासः**
विधिशास्त्रम्= **विधेः शास्त्रम्** **तत्पुरुष समासः**
समाजसुधारक: = **समाजस्य सुधारकः** **तत्पुरुषः समास**

त्रयोदशः पाठः

कालिदासः

हिंदी अनुवाद

को न ..... कविः आसीत्।

अनुवाद—महाकवि कालिदास को कौन नहीं जानता अर्थात् सभी जानते हैं। अपने नाम को धन्य करने वाले कवि कुलगुरु कालिदास न केवल भारत के अपितु विश्व के श्रेष्ठ कवि हैं।

इस कवि के जन्म के विषय में बहुत कम ही सूचना प्राप्त होती हैं। ये सम्राट विक्रमादित्य के नौ (9) रत्नों में से एक थे। वे राजा से प्राप्त आश्रय कवि थे।

कालिदासस्य ..... एका रचना अस्ति।

अनुवाद—कालिदास के विषय में जनश्रुति है कि पहले कालिदास महामूर्ख थे। लोगों ने उनका विवाह विदुषी कन्या विद्योत्तमा के साथ करवा दिया। पत्नी की प्रताड़ना के कारण वे घर से निकल गए। देवी के प्रसाद से उन्होंने ज्ञान प्राप्त किया और पुन: घर को आए। आकर 'अस्ति कश्चित् वाग् विशेष:' (यह किसकी वाणी विशेष है) इस प्रकार पत्नी के मुख से सुनकर वाक्य के एक-एक पद को लेकर तीन काव्यों की रचना की। कुमारसम्भवम्, मेघदूतम् और रघुवंशम् ये तीन काव्य है। अभिज्ञानशाकुन्तलम्, विक्रमोर्वशीयम् और मालविकाग्निमित्रम् ये तीन नाटक हैं। इनके अतिरिक्त ऋतु संहार भी इनकी एक रचना है।

कालिदासः ..... गौरवम् अनुभवन्ति।

अनुवाद—कालिदास ने सरल भाषा में प्रसाद रीति से काव्यों की रचना की। कालिदास का प्रकृति वर्णन अद्भुत है उनकी रचना में प्रकृति का मानवीकरण विशेष रूप से दिखाई देता है। उपमालंकार के प्रयोग में तो वे अद्वितीय

कवि हैं। इसी से कुछ गया है 'उपमा कालिदास्य'
इस प्रकार लोगों के प्रिय कवि कालिदास के विषय में सभी भारतीय गौरव का अनुभव करते हैं।

अभ्यास:

1. निम्नलिखित प्रश्नों के संस्कृत में उत्तर दीजिए—

(क) कविकुलगुरु: नाम्ना कालिदास: प्रसिद्ध: अस्ति।
(ख) महाकवि: कालिदास: विक्रमादित्यस्य नृपस्य रत्नम् आसीत्।
(ग) कालिदासस्य विषये जनश्रुति: अस्ति यत् पूर्वं कालिदास: महामूर्ख: आसीत्।
(घ) कालिदासस्य विवाह: विद्योत्तमा सह अभवत्।
(ङ) कालिदासस्य त्रीणि काव्यानि सन्ति-घुवंशम्, मेघदूतम्, कुमारसम्भवम्।
(च) महाकवे: रचितानि नाटकानि अभिज्ञानशार पुतलम् विक्रमोर्व शीयम्: मालविकाग्निामम् च सन्ति।
(छ) उपमालंकारस्य प्रयोगे महाकवि: कालिदास: अद्वितीय: अस्ति।

2. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए—

(क) को न जानाति **महाकविं** कालिदासम्।
(ख) पूर्वं कालिदास: **महामूर्ख:** आसीत्।
(ग) पत्न्या: **प्रताडना कारणात्** स: गृहात् **निर्गत:**।
(घ) एतदतिरिच्य **ऋतुसंहारमपि** एका रचना अस्ति।
(ङ) तस्मात् कथितम् '**उपमा कालिदासस्य**'।

3. निम्नलिखित शब्दों के विभक्ति और वचन लिखिए—

शब्द:	**विभक्ति:**	**वचनम्**
महाकवे:	**षष्ठी**	**एकवचनम्**
मुखात्	**पञ्चमी**	**एकवचनम्**
प्रकृते:	**षष्ठी**	**एकवचनम्**
विद्योत्तमया	**तृतीया**	**एकवचनम्**
पत्न्या:	**षष्ठी**	**एकवचनम्**

4. निम्नलिखित शब्दों के भविष्यत् काल के रूप लिखिए—

अस्ति = **भविष्यति**
मिलति = **मिलिष्यति**
गच्छति = **गमिष्यति**
करोति = **करिष्यति**
रचयति = **रचयिष्यति**

5. संस्कृत में अनुवाद कीजिए—

(क) कालिदासस्य नाम विश्वे प्रसिद्ध: अस्ति।
(ख) कालिदास त्रीणि महाकाव्यानि रचनां करोति स्म।
(ग) आरम्भे कालिदास: महामूखणि: मन्यतेस्म।
(घ) कालिदास: कविकुलगुरु: कथ्यते।
(ङ) कालिदास: सम्राट् विक्रमादित्यस्य नवरत्नेषु एक: आसीत्।

6. निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए—

(क) को न जानति महाकविं कालिदासम्।
(ख) एष: महाकवि: राजा विक्रमादित्यस्य नवरत्नेषु आसीत्।
(ग) पूर्वं कालिदास: मूर्ख: आसीत्।
(घ) कालिदासस्य प्रकृति-वर्णनम् अद्भुतम् अस्ति।
(ङ) कालिदासस्य विषये भारतीया: गौरवम् अनुभवन्ति।

7. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाइए—

(क) श्रेष्ठ: = कालिदास: विश्वस्य **श्रेष्ठ:** कवि: अस्ति।
(ख) स्वल्पा = अस्य महाकवे: जन्मादिवषिये **स्वल्पा** एव सूचना लभते।
(ग) महामूर्ख: = पूर्वं कालिदास: **महामूर्ख:** आसीत्।
(घ) अद्वितीय: = उपमा-अलंकारस्य प्रयोगे तु स: **अद्वितीय:** कवि: अस्ति।

चतुर्दशः पाठः

सुभाषितानि

हिंदी अनुवाद

आयुष: ..... समुहानहो।

अनुवाद—आयुका एक क्षण भी बहुत सारे रत्नों से प्राप्त नहीं किया जा सकता है। वह व्यक्ति बेकार हैं जो अपने मन को अथवा अपने आपको आलस्य में डुबोए रखता हैं अर्थात् हर कार्य में आलस्य करता है।

पुस्तकस्था ..... तद्धनम्।

अनुवाद—पुस्तक में विद्यमान विद्या और दूसरे के हाथ में गया धन, धन नहीं है क्योंकि इस प्रकार की विद्या तथा धन कार्य के उत्पन्न होने पर निरर्थक हैं। जो समय पर साथ नहीं देता है। उनका कोई लाभ नहीं।

दुर्जनेन ..... करम्।

अनुवाद—दुर्जन के साथ मित्रता और प्रीति नहीं करनी चाहिए क्योंकि गर्म अंगारा हाथों को जलाता है और ठंडा पड़ने पर हाथों को काला करता है।

उत्साहो ..... दुर्भभम्।

अनुवाद— हे श्रेष्ठा उत्साह बलवान है। उत्साह से बढ़कर कोई बल नहीं हैं और उत्साही के लिए लोक में कुछ भी दुर्लभ नहीं है अर्थात् सभी वस्तुएँ प्राप्य है।

बहुभिर्न ..... पिपीलिकाः।

अनुवाद—सज्जनों और दुर्जनों का स्वभाव बहुत भिन्न होता है अर्थात् विरोधीं होता है। क्या फुँफकारते हुए सर्प को चीटियाँ नहीं खाती अर्थात् खाती है।

अभ्यासः

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए—

(क) यः प्रमादी भवति सः प्रमादं करोति।

(ख) कार्यकाले परहस्तगतं धनं धनं न भवति।

(ग) सोत्साहस्य लोकेषु न किञ्चदपि दुर्लभम् अस्ति।

